हादसा

नेपाल से बेंगलुरु जा रही बस पलटी, एक दर्जन से अधिक यात्री घायल

# हाईवे पर अनियंत्रित होकर खेत में पलटी बस

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले में बड़ा सड़क हादसा हो गया. नेपाल से बेंगलुरु जा रही एक यात्री बस मुंगवानी थाना क्षेत्र में अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे के समय बस में 80 से ज्यादा यात्री सवार थे. बस पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई और यात्रियों में अफरा-तफरी फैल गई।

### स्थानीय लोगों ने सबसे पहले मौके पर पहुंचकर यात्रियों की मदद की

कई यात्री सीटों के बीच फंस गए, जबकि कुछ लोग खिड़कियों से बाहर निकलने की कोशिश करते नजर आए. यह हादसा मुंगवानी के चौधरी पेट्रोल पंप के पास सुबह करीब 4 बजे हुआ. स्थानीय लोगों ने सबसे पहले मौके पर पहुंचकर यात्रियों की मदद शुरू की. इसके बाद पुलिस और एंबुलेंस टीम पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया. हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं. जानकारी के मुताबिक, यात्री बस क्रमांक एमपी 13 जेडके 0793 नेपाल से यात्रियों को लेकर बेंगलुरु जा रही थी।





### ड्राइवर नशीले पदार्थ के प्रभाव में बस चला रहा था

रातभर सफर करने के बाद बस जैसे ही नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी इलाके में पहुंची, अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण बिगड़ गया। देखते ही देखते बस सड़क किनारे पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस काफी तेज रफ्तार में थी. हादसे के बाद यात्रियों का सामान सड़क पर बिखर गया. कई लोग डर के कारण बस से बाहर निकलने के बाद रोने लगे. खासकर महिलाओं और बच्चों में दहशत का माहौल दिखाई दिया। यात्रियों ने ड्राइवर पर लगाए गंभीर आरोप इस बस हादसे के बाद कई यात्रियों ने चालक राहुल पर गंभीर आरोप लगाए हैं. यात्रियों का कहना है कि ड्राइवर नशीले पदार्थ के प्रभाव में बस चला रहा था. कुछ यात्रियों ने दावा किया कि सफर के दौरान चालक की हालत सामान्य नहीं लग रही थी। घटना के बाद घायल चालक को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### घायलों का इलाज जारी


अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हादसे के समय चालक नशे में था या नहीं, अगर आरोप सही पाए जाते हैं, तो चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो सकती है. हादसे में घायल हुए यात्रियों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है. घायलों में प्रिय बहादुर, रविंद्र नाथ, लाम बहादुर, सागर परकशाही, संगीता, सुमन नेपाली, दीपक, अर्मिला और विमल सुदीप सिंह समेत कई अन्य लोग शामिल हैं, डॉक्टरों के अनुसार, ज्यादातर यात्रियों को सिर, हाथ और पैरों में चोटें आई हैं। कुछ लोगों को ज्यादा चोट लगने के कारण निगरानी में रखा गया है, अस्पताल में भर्ती बच्चों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

# सफाई कर्मी एक सप्ताह से हड़ताल पर

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा के सफाई कर्मचारी पिछले एक सप्ताह से हड़ताल पर चल रहे हैं जिस कारण से नगर की साफ सफाई व्यवस्था चौपट बनीं हुई है। सड़कों पर कचड़े के ढेर और नालियां बजबजा रही है। विगत दिवस कर्मचारियों ने एक रैली निकाल कर नगर परिषद के सामने प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को शीघ्र पूर्ण करने की बात कही। सफाई कर्मचारी संघ के राजेश पथरोल ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि हड़ताल पर जाने के पूर्व संघ की तरफ से लिखित में नगर परिषद के अधिकारियों और अनुभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई थी।




जिसमें उल्लेख किया गया था कि ग्राम पंचायत के समय से ही कर्मचारी नगर की साफ सफाई करते चले आ रहे हैं लेकिन उन्हें आज तक स्थाई नहीं किया गया है। सफाई कर्मचारियों का एरीयर्स महीनों से रुका हुआ है जिसे तत्काल प्रभाव से कर्मचारियों के बैंक खातों में समायोजित किया जाये ।हर महिनें की पांच तारीख तक सफाई कर्मियों का वेतन भुगतान किया जाये जिससे परिवार का भरण पोषण हो सके और अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। कर्मचारियों का आरोप है कि सफाई कर्मचारियों के वेतन में से हर महिनें ईपीएफ की राशि तो काटी जा रही है लेकिन उनके पी एफ में यह राशि जमा नहीं हो रही है ।इस राशि का पूरा हिसाब दिया जाये और राशि उनके खातों में समायोजित की जाये। नगर में फैली गंदगी और साफ सफाई को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छता अभियान के तहत नगर के जनप्रतिनिधियों के द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वयं झाड़ू लगाई गई। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर जब हमारे प्रतिनिधि द्वारा नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजीव लोचन कटारे से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि वैसे भी नगर परिषद की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है ।चुंगी क्षति पूर्ति से आने वाली राशि से ही हम वेतन भुगतान कर पाते हैं ।जो 28 29 ता तक आ पाता है। कर्मचारियों को 12 लाख रुपए हर माह भुगतान करना पड़ता है और हमारे पास आवक एक तिहाई ही है। इसमें से हमें बिजली बिल के साथ अन्य खर्च भी जुड़े हुए हैं। जहां तक सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का सवाल है तो इनकी मुख्य मांग एरीयर्स को लेकर है हम भुगतान करने को तैयार हैं लेकिन कर्मचारी दो किस्तों में मांग रहें। चूंकि दो किस्तों में 25 लाख का भुगतान करना वित्तीय स्थिति के हिसाब से ठीक नहीं है। कर्मचारियों को माह के वेतन के साथ पहली किस्त और दो किस्तों में शेष राशि डाल देंगे। तथा किसी माह वसूली या चुंगी के कारण लेट हो जाते हैं बल्कि कोशिश करतें हैं कि भुगतान 10 तारीख के पूर्व हो जाये। कर्मचारी अपनी अड़ी पर अडग बनें हुए हैं ।हम उनकी जायज मांगों को मानने तैयार हैं यह विषय वरिष्ठ अधिकारियों को भी जानकारी में दे दी गई है।




# 9 दिनों से बिजली ठप, ग्रामीण परेशान

**नवभारत,गोटेगांव।** समीप करकबेल क्षेत्र के ग्राम मेख और आस-पास के ग्रामीण अंचलों में पिछले 9 दिनों से बिजली संकट गहराया हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों और किसानों का धैर्य जवाब दे गया है। ग्रामीणों के अनुसार, बीते 30 अप्रैल 2026 से गांव और खेतों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है। भीषण गर्मी के इस दौर में लगातार बिजली गुल रहने के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं खेतों में सिंचाई का काम बंद होने से फसलों पर भी संकट मंडराने लगा है। समस्या से परेशान होकर आशीष नेमा, ब्रजेश पाल, जशवंत चौधरी, और अतेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता को आवेदन सौंपा है।

# जनसेवक भाजपा नेता डॉ . प्रखर राय ने जाना किसानों का हाल

**नवभारत,सालीचौका।** विगत दिवस नगर परिषद सालीचौका के एक स्थानीय वेयर हाउस का मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है, सोशल मीडिया एवं राष्ट्रीय न्यूज चैनलों के माध्यम से कुछ वीडियो वायरल हो रहे थे, जिसमें बताया जा रहा था कि इस क्षेत्र के किसान भाई बहुत परेशान हैं।




जिस पर क्षेत्रीय जनसेवक भाजपा नेता डॉ. प्रखर राय ने मामले की पूरी जानकारी के लिए संबंधित वेयर हाउस पहुंच कर सीधे किसान भाईयों से मिलकर उनकी समस्याएं जानी जिस पर किसानों ने बताया कि ङ्क वर्तमान में उन्हें कोई परेशानी नहीं है सभी कार्य आसानी चल रहें गई तुलाई भी सामान्य रूप से अच्छे से हो रही है, 2 दिन पूर्व 40 ट्रैक्टरों की लाइन को 400 बता कर बड़ा तूल दिया जा रहा था, कुछ किसान स्लॉट के निर्धारित दिनांक के पूर्व ही आ गए थे कुछ दूर के किसान भी आ गए थे जिस कारण कुछ घंटों के लिए सिंगल लाइन सड़क होने के वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई थी , परंतु अब ऐसी कोई समस्या नहीं है, कुछ बाहरी क्षेत्र के किसान नेता आकर जबरन राजनीति कर रहे थे जिसे क्षेत्रीय किसानों ने सिरे से नकार दिया गया है एवं क्षेत्रीय सांसद महोदय को बदनाम करने का प्रयास करा गया, जो सत्ता में है वह बेहतर जनसेवा कर सकते हैं और समस्याओं को हल कर सकते हैं वीडियो रील बना कर किसानों की समस्या हल नहीं करी जा सकती या हमेशा सरकार को कोसने से कोई हल निकलेगा । जब इस मामले में हमारे संवाददाता ने श्री राय से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि मैंने क्षेत्रीय किसान भाईयों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली वह भाजपा सरकार से पूर्ण संतुष्ट हैं उन्हें वर्तमान में कोई शिकायत नहीं है, परंतु कभी कभी कुछ अनियमितताएं या कर्मचारियों द्वारा लापरवाही हो जाती है जिसे तत्काल सुधारा भी जाता है, किसानों के लिए आवाज उठाना उनकी बात सरकार के सामने रखना बहुत सराहनीय कार्य हैं परंतु कुछ लोग किसानों के नाम पर केवल राजनीति करते हैं वह उचित नहीं, किसान भी समझदार है कांग्रेस सरकार की तुलना में भाजपा सरकार में किसानों की स्थिति और आय 10 गुना बेहतर हुई है, डबल इंजन की केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के उन्नति के लिए दृढ़ संकल्प के साथ प्रतिबद्ध है।

## एक नजर में



### सरकारी संपत्ति पर एकेडमी संचालक कर रहा तोड़फोड़

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर क्रिकेट की कुछ एकेडमी के संचालकों ने बल्ली किकेट एकेडमी के संचालक बल्ली सोनकर पर गंभीर आरोप लगाए एम.एच. किकेट एकेडमी, जे.पी.क्रिकेट एकेडमी और जाबाली किकेट एकेडमी के संचालकों ने शुक्रवार को रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के खेल अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपते हुए बताया कि रानीताल स्टेडियम में संचालित बल्ली किकेट एकेडमी के संचालक बल्ली सोनकर के द्वारा सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है । इतना ही सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने की नियत से उनके द्वारा सरकारी संपत्ति में तोड़फोड़ की गई। विरोध करने पर अन्य एकेडमियों के संचालकों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सरकारी संपत्तियों में लगे सीसी कैमरे की जांच होगी तो उसमें सारे फुटेज स्पष्ट कर देंगे कि तोड़फोड़ किस तरह से हो रही है। एकेडमी संचालकों ने खेल अधिकारी से ये भी मांग की कि इस तरह की अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगनी चाहिए और असामाजिक तत्वों को खेल गतिविधियों से दूर रखना चाहिए।



### महिला के परिवार को दी जाए सुरक्षा

**नवभारत,जबलपुर।** अधारताल के कटरा क्षेत्र में रहने वाली सीमा लखेरा हिन्दू धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँची, जहाँ उन्होंने एसपी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पड़ोस में रहने वाले एक समुदाय के परिवार द्वारा उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। आरोप ये भी है कि आरोपी लगातार अवैध कारोबार कि वह यहाँ से घर छोड़कर चले जायें। इस दौरान पुलिस से मांग की गई है कि पीड़ित परिवार को सुरक्षा दी जाए और पड़ोसी पर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपते वक्त धर्म सेना के संस्थापक योगेश अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत, मुकेश रजक नाश सुखदान, भरत पासी, अभय राजपूत, कार्तिक, परमदीप, रोहित सहित अन्य मौजूद रहे।

### यात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

**जबलपुर, नवभारत।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर रेल संचालन को ध्यान में रखते हुए मंडला फोर्ट-नैनपुर-जबलपुर खंड में संचालित यात्री ट्रेनों का विलय कर नई एकीकृत रेल सेवाएं प्रारंभ की जा रही हैं। यह नई व्यवस्था आज 09 एवं 10 मई से प्रभावी होगी। इस पहल के अंतर्गत पूर्व में अलग-अलग संचालित होने वाली पैसेंजर ट्रेनों को जोड़कर यात्रियों को अधिक सुगम एवं निर्बाध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे यात्रियों को ट्रेन बदलने की असुविधा से राहत मिलेगी तथा यात्रा समय में भी सुविधा होगी। इसी क्रम में आज 09 मई को मंडला फोर्ट स्टेशन पर ट्रेन संख्या 51706 एवं 58824 के उद्घाटन अवसर पर फ्लैग ऑफ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गाड़ी संख्या 51703 जबलपुर-मंडला फोर्ट पैसेंजर जबलपुर से रवाना 6 :55 बजे होकर गढ़ा, ग्वारीघाट, जामतारा परसवारा, चारघाट पिपरिया, बरगी, सुकरी मंगेला, कलादेही, शिकारा, बिनैकी के रास्ते मंडला की ओर जाएगी। इसके साथ ही गाड़ी संख्या 51704/05/06 भी इसी रूट से होकर चलाई जाएगी।

# पुलिस ने चाकू मार कर घायल करने वाले 2 आरोपी किये गिरफ्तार

**नवभारत,करेली।** विगत दिवस को प्रार्थी अभिषेक पिता हेमराज पटैल उम्र 24 साल निवासी शास्त्री वार्ड करेली ने रिर्पोट दर्ज कराया कि प्रार्थी का छोटा भाई राहुल को डी.जे लगाने से मना करने पर अनावेदक रोहित जाट पिता गोपाल जाट,आशीष प्रधान पिता प्रकाश प्रधान व्दारा जान से मारने की नियत से चाकू से गले पर बार किया गया जिससे राहुल जाट को चोट आयी जो अस्पताल में गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर थाना करेली में अपराध क्र. 462/26 धारा 109(1),3(5) बी.एन.एस, का कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता का देखते पुलिस ने आरोपी को पकडने के लिये थाना करेली की अलग अलग टीमो का गठन करके दिनांक 09 मई 2026 को मुखविर सूचना के आधार पर रोहित जाट पिता गोपाल जाट उम्र 28 साल निवासी करेली बस्ती,आशीष प्रधान पिता प्रकाश प्रधान 26 साल निवासी करेली बस्ती से पूछताछ की गई जिसमें चाकू से राहुल को मारना बताया जिसमें आरोपी के पास से खून लगा चाकू जब्त कर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया।



# नेशनल लोक अदालत में विभिन्न मामलों का हुआ निराकरण

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला नरसिंहपुर के निर्देशानुसार एवं सचिव दिनेश मीणा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय तेंदूखेडा में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।




जिसका शुभारंभ तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष शिव कान्त कुशवाहा के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसमें अधिवक्तागण नगर परिषद स्टेट बैंक सोनाटा फाइनेंस पंजाब नेशनल बैंक म0प्र0 ग्रामीण बैंक इत्यादि बैंको के कर्मचारी एवं उन बैंको से संबंधित पक्षकार एवं समस्त न्यायालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में पारिवारिक विवाद सिविल प्रकरण एवं राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण जल विद्युत कर आदि से संबंधित प्रकरणों सहित अन्य प्रकरणों का आपसी बातचीत से समझौते के माध्यम से निराकरण किया गया। न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से 24 प्रकरणों का आपसी सामंजस्य सौहार्द्रपूर्ण समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। जिसमें 42 व्यक्ति लाभान्वित होकर 6 89 500 रूपये का समझौता हुआ इसी तरह कुल प्रीलिटीगेशन के 50 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें 4 27 734 रूपये की राशि का समझौता हुआ। जिसमें 50 व्यक्ति लाभान्वित हुए। समझौता के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करने वाले पक्षकारों को आपसी भाईचारे का संकल्प दिलाते हुए जाकर फलदार पौधे भेंट कर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से समझौता करने हेतु आभार प्रकट कर नेशनल लोक अदालत का सफलता पूर्वक समापन किया गया। शनिवार को नेशनल लोक अदालत में नगर परिषद के विभिन्न विभागों के 251 मामलों में 50 मामलों का निराकरण किया गया। इसमें संपत्ति कर के 101 प्रकरणों में 26 मामलें निराकृत हुए कुल राशि 219918 में से 108540 रुपए जलकर के 128 मामलों में 23 मामलों का निराकरण किया गया जिसकी कुल राशि 238520 रुपए में से 51120 रुपए प्राप्त हुये दुकान किराये के 18 मामलों में एक भी मामला निराकृत नहीं हो सका जबकि दुकान प्रीमियम के 04 में से मात्र एक मामला ही निराकृत हुआ।

# सहकारिता विभाग बना भ्रष्टाचार का अड्डा

## जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल ने बैठक में उठाए गंभीर सवाल

**नवभारत,गाडरवारा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में सहकारिता विभाग में कथित भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं का मुद्दा जोरदार तरीके से गूंजा। जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल ने उपायुक्त सहकारिता दिनेश चौरसिया की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए विभाग में मनमानी और नियमविहीन फैसले लेने के आरोप लगाए।



बैठक के दौरान धनंजय पटेल ने आरोप लगाया कि विभाग में शासन के नियमों की बजाय फोन वाली व्यवस्था चल रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किस नियम के तहत एक वरिष्ठ सहकारिता अधिकारी को केवल मौखिक आदेश और फोन कॉल के आधार पर उप-सहकारिता अधिकारी बनाकर पूरे जिले की जिम्मेदारी सौंप दी गई। उनका कहना था कि एक ही व्यक्ति को वरिष्ठ अधिकारी, उपायुक्त और प्रशासक जैसी कई जिम्मेदारियां देना प्रशासनिक प्रक्रिया का खुला दुरुपयोग है। पटेल ने आरोप लगाया कि विभाग में कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए अनुभवी सहकारी समितियों को किनारे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना स्पष्ट आदेश और नियमों के 22 सहकारी समितियों को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया, जबकि जिन समितियों पर विवाद और न्यायालयीन मामले लंबित हैं, उन्हें गेहूं खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य सौंप दिए गए।

उनके अनुसार यह फैसला किसानों के हितों के खिलाफ और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला है। बैठक में जब इन मुद्दों पर उपायुक्त दिनेश चौरसिया से जवाब मांगा गया, तो वे संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके। आरोप लगाया गया कि अधिकारियों द्वारा गोलमोल जवाब देकर मामले को टालने का प्रयास किया गया। धनंजय पटेल ने कहा कि विभाग के फैसलों से किसानों को नुकसान पहुंच रहा है और शासन की छवि भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# सड़कें बनीं दलदल, गंदगी से फिर मंडराया डायरिया का खतरा

**नवभारत,गोटेगांव।** अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहटा के मुड़िया, यादव और गुप्ता मोहल्ला में इन दिनों जल निकासी की बदहाली के कारण नारकीय हालात निर्मित हो गए हैं। ग्राम पंचायत द्वारा क्षेत्र में अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाकर आधुनिक नाली निर्माण कराए जाने के बावजूद कुछ लोगों की लापरवाही से घरों का गंदा पानी सीधे मुख्य रास्तों पर बहाया जा रहा है। सड़कों पर लगातार हो रहे इस जलभराव के कारण मोहल्ले के चौक और रास्ते कीचड़ व दलदल में तब्दील हो चुके हैं, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों का पैदल निकलना भी दूभर हो गया है। विशेषकर मुड़िया मोहल्ले के पुराने अनुपयोगी कुएं के पास स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। यहां जमा दूषित पानी से उठने वाली भीषण बदबू और मच्छरों के प्रकोप ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। सड़कों पर बहते इस गंदे पानी ने ग्रामीणों के मन में दो साल पुराने उस खौफनाक मंजर की यादें ताजा कर दी हैं, जब इसी मोहल्ले में डायरिया फैलने से हड़कंप मच गया था। उस समय पूरा मोहल्ला बीमारी की चपेट में आ गया था और एक ग्रामीण की मृत्यु भी हुई थी। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ग्रामीणों में फिर से महामारी फैलने की आशंका गहराने लगी है।




## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

### सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. /अ-6/वर्ष-2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार फौती के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 28/05/2026 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/ पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | कंदेली | 17/2 | 9013.80 वर्गफुट | जावेद अहमद, मुस्तफा अहमद, नशरीन बानो, यासमीन बानो, परवीन बानो,, शाहीन बानो, तसनीन बानों पिस. याकूब खां | हाजी हबीब अहमद आ. अब्दुल समद, पुत्र इरफान अहमद, अशफाक अहम, पुत्री तबस्सुम बानो पिस. हाजी हबी अहमद |

इश्तहार आज दिनांक 04/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर